सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-466
31/10/2016

वीर जवान राजीव कुमार राय के शहीद होने पर मुख्यमंत्री मर्माहत, शहीद जवान के आश्रित को राज्य सरकार की ओर से दिया जायेगा 11 लाख रूपये, पुलिस सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

पटना, 31 अक्टूबर 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जम्मू कश्मीर के उधमपुर में शहीद हुये बिहार के वैशाली जिले के महुआ के निवासी 157 Lt AD Regt (Comp) के हवलदार राजीव कुमार राय की शहादत पर गहरी संवेदना व्यक्त की है और कहा है कि उनकी शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। मुख्यमंत्री ने इस वीर सपूत की शहादत पर उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने कहा है कि पूरा बिहार शहीद के परिवार के साथ है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि शहीद जवान के निकटतम आश्रित को राज्य सरकार की ओर से 11 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान दिये जायेंगे, साथ ही शहीद राजीव कुमार राय को राज्य सरकार की ओर से पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा।

******